**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 30.04.2025 समय : 0705

- **प्रशासन द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंडमान एवं निकोबार सम्मेलन, संगीती–2025 का कल समापन हो गया।**
- **नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा है कि हरित हाइड्रोजन भविष्य का ईंधन है।**
- **निकोबार जिले के लोगों के लिए लोक–गीत और कहानी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।**
- **समाज कल्याण निदेशालय की ओर से आई सी डी एस ग्रामीण के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन।**

**<><><><><><><>**

प्रशासन द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंडमान एवं निकोबार सम्मेलन, संगीती–2025 का कल समापन हो गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रशासन के मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने अपने संक्षिप्त संबोधन में कहा कि दो दिवसीय सम्मेलन ने विभिन्न क्षेत्रों के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और हितधारकों को एक–दूसरे के साथ बातचीत करने और सात व्यापक योजनाओं में सुधार के लिए रोड मैप तैयार करने का अवसर प्रदान किया। उन्होंने अधिकारियों से परियोजनाओं के सार्थक समापन के लिए एक टीम के रूप में काम करने का आग्रह किया। सत्र का समापन करते हुए, सचिव (योजना), डॉ. अमन गुप्ता ने दो दिवसीय सम्मेलन के दौरान विभिन्न विभागों और हितधारकों द्वारा प्रस्तुत सात व्यापक विषयों की मुख्य विशेषताओं पर प्रकाश डाला। समापन सत्र समन्वय सचिव पल्लवी सरकार द्वारा प्रस्तावित धन्यवाद प्रस्ताव के साथ संपन्न हुआ।

**<><><><><><><>**

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा है कि हरित हाइड्रोजन भविष्य का ईंधन है। उन्होंने हरित हाइड्रोजन के उत्पादन में तकनीकी विकास की दिशा में सहयोग करने के लिए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को प्रेरित किया। नई दिल्ली में कल एम एस एम ई के लिए राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन अवसरों पर एक कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए श्री जोशी ने कहा कि एमएसएमई में विनिर्माण,

इंजीनियरिंग के लिए महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करने और नए तकनीकी विचारों के साथ आने की क्षमता है। यह क्षमता भारत को नवीकरणीय ऊर्जा की दिशा में सशक्त बना सकती है। कार्यक्रम के दौरान श्री जोशी ने भारत की हरित हाइड्रोजन की प्रमाणीकरण योजना का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह प्रमाणीकरण योजना देश में हरित हाइड्रोजन का उत्पादन सुनिश्चित करेगी। श्री जोशी ने कहा कि भारत ने चार लाख बारह हजार टन हरित हाइड्रोजन डेरिवेटिव के लिए जापान के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं।

<><><><><><><>

निकोबारी लोगों की भाषा, रीति–रिवाजों और पहचान को संरक्षित करने और बढ़ावा देने के उद्देश्य से, कला और संस्कृति विभाग, प्रशासन जल्द ही पारंपरिक निकोबारी लोक कथाओं और लोकगीतों की एक पुस्तक लेकर आएगा, जो निकोबारी समुदाय की विविध सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों को प्रदर्शित करेगी। इस पहल के लिए विभिन्न निकोबारी समुदाय के छात्रों, स्कूली बच्चों, आदिवासी सदस्यों और सरकारी कर्मचारियों की भागीदारी की आवश्यकता है। क्राउडसोर्सिंग के माध्यम से इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए, निकोबार जिले के सभी द्वीपों के छात्रों के साथ–साथ निकोबारी लोगों के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिता दो श्रेणियों में आयोजित की जाएगीः कहानियाँ और गीत। कहानियों की श्रेणी में, प्रतिभागियों को पारंपरिक लोक कथाएँ, व्यक्तिगत कहानियां और मिथक आदि प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। गीत श्रेणी में, प्रतिभागी लोक गीत, समारोहिक गीत, लोरियाँ आदि प्रस्तुत कर सकते हैं। प्रतियोगिता निकोबार जिले के सभी स्कूलों के कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के छात्रों के लिए खुली है, साथ ही निकोबारी जनजाति के सदस्य, जिनमें आदिवासी कप्तान, समुदाय के नेता, बुजुर्ग और सरकारी कर्मचारी सभी इसमें भाग ले सकते हैं। प्रविष्टियाँ निकोबारी भाषा में, अंग्रेजी या हिंदी में अनुवाद के साथ प्रस्तुत की जानी चाहिए।

निकोबार जिले के उप–विभागवार अलग–अलग प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएँगी। प्रत्येक द्वीप से प्रत्येक श्रेणी में शीर्ष तीन प्रविष्टियों को प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार प्राप्त होंगे। प्रविष्टियां जमा करने की अंतिम तिथि इक्कतीस मई होगी।

<><><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय के अंतर्गत आई सी डी एस परियोजना (ग्रामीण) के तहत भारत सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली प्रमुख हेल्पलाइन सेवाओं जैसे चाइल्ड लाइन संख्या–1098, पुलिस–100, फायर ब्रिगेड –101 और एम्बुलेंस–102 पर पी एम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सुभाषग्राम, डिगलीपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किय गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के बीच आपातकालीन सहायता, सुरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य और शिकायत निवारण से संबंधित हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। यह बाल संरक्षण तंत्र को मजबूत करने और हर युवा नागरिक को समय पर सहायता उपलब्ध कराने के राष्ट्रव्यापी प्रयास का एक हिस्सा है। इस अवसर पर बोलते हुए, बाल विकास परियोजना अधिकारी, इंदिरा देवी ने कहा, "हमारे बच्चों को इन हेल्पलाइनों के बारे में जानकारी देना, उनकी सुरक्षा और मानसिक कल्याण को सुनिश्चित करता है। कार्यक्रम का समापन मुख्य सेविका एन नसीम बीबी द्वारा जागरूकता ब्रोचर्स के वितरण और छात्रों द्वारा साथियों और परिवार के सदस्यों के साथ जानकारी साझा करने की शपथ के साथ हुआ।

<><><><><><><>

डॉलीगंज क्षेत्र में अण्डर–ग्राउंड पावर केवल में मरम्मत के कार्य किए जाने के चलते डॉलीगंज और पहाड़ गांव के कुछ क्षेत्र में, आई सी एम आर कॉलोनी क्षेत्र, स्कूल लाइन तथा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लम्बा लाइन में बिजली सवेरे दस बजे से दोपहर एक बजे तक बाधित रहेगी।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित नेताजी स्टेडियम के स्विमिंग पूल सभी लोगों के लिए आज से दोबारा खोला जा रहा है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम के दूरदर्शन केंद्र की ओर से आज "जीवनशैली रोग–कारण एवं उपचार" विषय पर लाइव फोन–इन कार्यक्रम 'डॉक्टर्स स्पीक' का प्रसारण किया जाएगा। स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के सेवानिवृत्त निदेशक डॉ. ओमकार सिंह विशेषज्ञ के रूप में दर्शकों के प्रश्नों का उत्तर देंगे। कार्यक्रम आज शाम साढ़े पांच बजे प्रसारित होगा। दर्शक फोन नंबर– दो चार चार सात चार पांच या दो चार पांच छः छः दो पर डायल कर अपने प्रश्न पूछ सकते हैं।

<><><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल नई दिल्ली के भारत मण्डपम में सरकार शिक्षा समुदाय उद्योग और नवोमेषक समुदाय के नेताओं के पहले रणनीतिक सम्मेलन युग्म को संबोधित करते हुए कहा कि इक्कीसवीं सदी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए देश की शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक बना रही है सरकार–**द्वीप समाचार** और **द डेली टेलीग्राम्स** ने अपनी बडी खबर बनाया है। साथ ही अखबार ने दो दिवसीय अण्डमान निकोबार सम्मेलन संगीती– 2025 के समापन को अपने पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है। मत्स्य विभाग द्वारा मुम्बई में आयोजित तटीय राज्यों की लाइव स्ट्रीमिंग के समाचार को **इंफो इंडिया** अपने पहले पन्ने पर जगह दी है। **द इको ऑफ इंडिया** ने युवाओं के खेलों की ओर बढ़ती आकर्षण के समाचार को अपने प्रथम पृष्ठ में प्रकाशित किया है।

**<><><><><><><>**